# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

अधि0सं0–भवन / 11 / आरोप (मुख्यालय)–11 / 2026..................................................... /

### –: अधिसूचना :–

श्रीमती ज्योति प्रिया, नवनियुक्त सहायक अभियंता, अग्रिम योजना प्रमण्डल सं0–01, भवन निर्माण विभाग को विभागीय अधीसूचना संख्या–8524(भ) दिनांक–10.09.2025 द्वारा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के कार्य निष्पादन हेतु प्रतिनियुक्त किया गया। उक्त के आलोक में श्रीमती प्रिया द्वारा दिनांक–19.09.2025 को प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान समर्पित करने के पश्चात् लगातार अनुपस्थित रहने के कारण पर्यटन विभाग के पत्रांक–3118 दिनांक–21.11.2025 द्वारा उनकी सेवा विभाग को वापस कर दी गई।

उक्त विभागीय निदेश की अवहेलना के आरोप में श्रीमती प्रिया के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए विभागीय पत्रांक–2899(भ) दिनांक–24.03.2026 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। श्रीमती प्रिया के पत्रांक–शून्य दिनांक–06.04.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। स्पष्टीकरण के समीक्षा में यह पाया गया कि श्रीमती प्रिया कार्यस्थल से लगातांर अनुपस्थित रही हैं, जो विभागीय निदेश के उल्लंघन के साथ – साथ कर्त्तव्य के प्रति उनकी उदासीनता, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। श्रीमती प्रिया के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम–3 के उल्लंघन का आरोप प्रमाणित है।

अतः श्रीमती ज्योति प्रिया, सहायक अभियंता, अग्रिम योजना प्रमण्डल सं0–01, प्रतिनियुक्त बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उक्त प्रमाणित आरोपों के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 14(ii) के अन्तर्गत निम्नलिखित दण्ड अधिरोपित / संसूचित किया जाता है:–

**(i) 01 (एक) वर्ष के लिए प्रोन्नति पर रोक।**

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

**ह0 / –**
**(धर्मेन्द्र कुमार राव)**
**सरकार के अवर सचिव,**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक– भवन / 11 / आरोप (मुख्यालय)–11 / 2026..................... / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, पटना / ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**ह0 / –**
**सरकार के अवर सचिव,**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

कृ0पृ0उ0.........

Ashish

F:\Sumit Kumar Vatsa\2023\Rakesh Sir\Prarup Nigrani

ज्ञापांक– भवन / 11 / आरोप (मुख्यालय)–11 / 2026................./ पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अपर सचिव / सभी संयुक्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी उप सचिव / सभी अवर सचिव / कार्यपालक अभियंता, अग्रिम योजना प्रमण्डल सं0–1 / प्रशाखा पदाधिकारी राजपत्रित स्थापना प्रशाखा–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– भवन / 11 / आरोप (मुख्यालय)–11 / 2026................../ पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना / श्रीमती ज्योति प्रिया, सहायक अभियंता, अग्रिम योजना प्रमण्डल सं0–01, भवन निर्माण विभाग सम्प्रति बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– भवन / 11 / आरोप (मुख्यालय)–11 / 2026..6945(1)../ पटना, दिनांक–24/7/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Kumar 24.07.26

सरकार के अवर सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

Ashish

F:\Sumit Kumar Vatsa\2023\Rakesh Sir\Prarup Nigrani